SET NO - 04
QUESTION MODEL SET WITH ANSWER
INTER 2ND YEAR 2020

बहुविकल्पीय प्रश्न
सही विकल्प चुनें

1. आत्म का दर्पणवाद की अवधारणा किसने दी ?
(क) सी० एच० कूले (ख) मैक्सवेबर (ग) कार्लमार्क्स (घ) वार्ड
Ans - (क) सी० एच० कूले

2. श्रम विभाजन का सिद्धांत किसने दिया ?
(क) दुरखीम (ख) मैक्सवेबर (ग) कार्लमार्क्स (घ) वार्ड
Ans - (ग) कार्लमार्क्स

3. राज्य एक सीमित है।' किसने कहा ?
(क) गार्नर (ख) आगबर्न (ग) मेकाइवर (घ) विलसन
Ans - (क) गार्नर

4. नियोजित औद्योगिकरण क्या है ?
(क) एक व्यवस्था (ख) एक घटना (ग) एक योजना (घ) इनमें सभी
Ans - (क) एक व्यवस्था

5. भारत का सबसे बड़ा जनजातीय समूह कौन सा है ?
(क) मुंडा (ख) संथाल (ग) भील (घ) गोंड
Ans - (ग) संथाल

6. सबसे ज्यादा औद्योगिकरण किस राज्य में हुआ ?
(क) झारखंड (ख) पंजाब (ग) महाराष्ट्र (घ) गुजरात
Ans - (ग) महाराष्ट्र

7. एडम स्मिथ ने कहा कि बाजार में काम करता है ?
(क) अदृश्य लाभ (ख) अदृश्य हाथ (ग) अदृश्य त्याग (घ) अदृश्य लाभ
Ans - अदृश्य हाथ

8. ग्रामीण समाज की विशेषता कौन सी है ?
(क) घनी आबादी (ख) कृषि व्यवसाय (ग) श्रम विभाजन (घ) सभी
Ans - (ख) कृषि व्यवसाय

Scanned with CamScanner

9. जनांकिकी शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग किसने किया?
(क) माथलस (ख) सोरोकीन (ग) बार्कले (घ) गुडलार्ड
Ans (घ) गुडलार्ड

10. भारतीय अर्थव्यवस्था का मॉडल किस प्रकार का है?
(क) पूँजीवादी (ख) मिश्रित (ग) समाजवादी (घ) साम्यवादी
Ans - (ख) मिश्रित

11. पितृसत्ता से आप क्या समझते है?

Ans - पितृसत्ता एक व्यवस्था है जो लैंगिक असमानता एवं शक्ति तथा हैसियत में मेदभाव की बुनियाद पर आधारित है। पितृसत्ता का अर्थ परिवार में महिलाओं और बच्चों पर पुरुषों का वर्चस्व होना है। शक्ति संरचना के सभी केन्द्रों पर पुरुषों का नियंत्रण रहता है।

12. भारत में महिला आंदोलन की विशेषताओं का वर्णन करें?

Ans - महिला आंदोलन की निम्नलिखित विशेषताएँ है।
(i) महिला आंदोलन मूल रूप से महिलाओं के सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करता है।
(ii) यह आंदोलन स्त्री पुरुष के बीच समानता तक ही सीमित है।
(iii) महिला आंदोलन के माध्यम से महिलाओं की राजनीतिक आर्थिक और पारिवारिक भागीदारी पर जोर दिया जाता है।
(iv) महिला आंदोलन का उद्देश्य महिलाओं में जागरूकता लाकर उन्हें सक्रिय बनाना है।
(v) महिला आंदोलन से तात्पर्य स्वतंत्र महिला या महिलाओं सभी बंधनों से मुक्ति दिलाना है।

13. औद्योगिकरण का सामाजिक जीवन पर प्रभाव बताइए?

Ans → औद्योगिकरण का सामाजिक जीवन पर बहुत गहरा प्रभाव डालता है। जो निम्नलिखित है।

Scanned with CamScanner

(i) परिवार संस्था पर प्रभाव → औद्योगिकरण के फलस्वरूप संयुक्त परिवार विघटित होकर एकाकी परिवार के रूप बदल रहा है। परिवार के सदस्यों के बीच प्रेम, स्नेह, त्याग की भावना कम होती जा रही है।

(ii) स्त्रियों की स्थिति में परिवर्तन → औद्योगिकरण के फलस्वरूप अब महिलाएँ घर से बाहर काम कर रही है। नौकरी करने के कारण इन आर्थिक स्थिति अच्छी हो रही है। साथ स्वयं निर्णय लेने में सक्षम हो रही है।

(iii) नागरिक जीवन पर प्रभाव → प्रौद्योगिक की उन्नति से सामाजिक जीवन पर विभिन्न प्रकार के प्रभाव पड़ रहे है। सामुदायिक भावना की कमी, समय का मूल्य बढ़ जाना, बीमारियों का बढ़ाना, पारिवारिक नियंत्रण का अभाव, नैतिकता का निम्न स्तर, स्त्री पुरुषों की जनसंख्या में विषमता जैसी समस्याएँ उत्पन्न हो रही है।

14. सामाजिक परिवर्तन से आप क्या समझते है?

Ans - सामाजिक परिवर्तन की प्रक्रिया का संबंध सामाजिक संबंधों तथा अर्थव्यवस्था में होने वाले से परिवर्तन से है। गिलिन और गिलिन के अनुसार "सामाजिक परिवर्तन जीवन के स्वीकृत प्रकारों में परिवर्तन है। भले ही वे परिवर्तन भौगोलिक दशाओं में हुए हो या सांस्कृतिक साधनों पर जनसंख्या की रचना या सिद्धांतों में परिवर्तन से हुए हो, या प्रचार से हुए हो या समूह के अंदर अविष्कार से हुए हो।"

Scanned with CamScanner

15. भारत के प्रमुख कृषक आंदोलन का संक्षिप्त विवरण दीजिए ?

Ans- भारत के प्रमुख कृषक आंदोलन :-

(i) उत्तर प्रदेश → 1921-22 में एका कृषक आंदोलन एवं 1936 में निजाई बोल आंदोलन

(ii) बिहार → 1917 में नील की खेती के विरुद्ध कृषक आंदोलन

(iii) बंगाल → 1946 का तेभागा आंदोलन तथा 1967 का नक्सलबाड़ी आंदोलन ।

(iv) गुजरात → 1920 का कर बंदी आंदोलन ।

(v) राजस्थान → 1913-15, 1917-22 व 1927-41 बिजोलिया आंदोलन

(vi) महाराष्ट्र — 1919-21 सतारा का कृषक आंदोलन

(vii) दक्षिण भारत — 1836-96 के मध्य का मोपलाह आंदोलन और 1930-51 का तेलंगाना आंदोलन, प्रमुख कृषक आंदोलन है ।

16. सामाजिक परिवर्तन में संविधान की भूमिका की विवेचना कीजिए ?

Ans- राज्य ~~एक~~ सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रमुख अभिकर्ता है। भारत जब आजाद हुआ तो यहाँ राज्य व्यवस्था का संचालन एक नये संविधान द्वारा होने लगा। नये संविधान में लोकतांत्रिक व्यवस्था, समतावादी मूल्यों, व्यक्तिगत स्वतंत्रता तथा धर्मनिरपेक्षता पर सबसे ज्यादा महत्व दिया गया है। संविधान की भूमिका एक अच्छे समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रत्येक नागरिकों के अधिकार तथा मानवीय मूल्यों की रक्षा की जाती है।

Scanned with CamScanner

17. जाति एवं वर्ण के बीच अंतर स्पष्ट करें ?

Ans → जाति एवं वर्ण के बीच निम्नलिखित अंतर है।

जाति	वर्ण
(i) जाति एक बंद समूह है। जो सामाजिक, धार्मिक एवं व्यवसायिक आधारों पर विभाजित होता है।	वर्ण व्यवस्था में व्यक्तियों के वर्गीकरण की व्याख्या अमूर्त के उत्पति के आधार पर की जाती है।
(ii) जाति व्यवस्था में छूआछूत की भावना होती है।	वर्ण व्यवस्था में छूआछूत की भावना नही होती है।
(iii) जाति व्यवस्था मे परिवर्तन असंभव है।	वर्ण व्यवस्था लचीली एवं परिवर्तनशील होती है।

18. ~~मौलिक~~ मानव अधिकार क्या है ?

Ans- मानव अधिकार से अभिप्राय ए मौलिक अधिकार एवं स्वतंत्रता से है। जिनके लिए सभी नागरिक हकदार है। अधिकारो के अंतर्गत विचारो की अभिव्यक्ति, कानून के सामने समानता, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारो तथा शिक्षा, एवं मानव जीवन के लिए अधिकार इन सभी को मानव अधिकार की श्रेणी में रखा जाता है।

19. सामाजिक सर्वेक्षण क्या है ?

Ans - सामाजिक सर्वेक्षण एक सहकारी क्रिया है। जिसमे एक निश्चित भौगोलिक क्षेत्र के अंदर आने वाली समस्याओ और परिस्थितियो के अध्ययन के लिए इस प्रकार वैज्ञानिक विधियो का प्रयोग किया जाता है। समाज की सामान्य क्रियाओ का ज्ञान प्राप्त होता है।

Scanned with CamScanner

20. पर्यावरण आंदोलन में भारत सरकार के प्रयत्नों को स्पष्ट कीजिए ?

Ans- वर्तमान युग में पर्यावरण संबंधी आंदोलन ने एक राष्ट्रीय रूप ले लिया है। भारत सरकार द्वारा किए जाने वाले कुछ प्रयत्न निम्नलिखित है।

(i) केन्द्र सरकार द्वारा एक राष्ट्रीय पर्यावरण न्यायाधिकरण की स्थापना किया गया।

(ii) वन्य जीवों के संरक्षण के लिए 1972 में वन्य जीव सुरक्षा अधिनियम पारित किया गया।

(iii) जल प्रदूषण को रोकने के लिए 1974 में जल प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम पारित किया गया।

(iv) पर्यावरण आंदोलन को अधिक महत्वपूर्ण बनाने के लिए सरकार द्वारा पर्यावरण सुरक्षा अधिनियम 1986 पारित किया गया।

(v) सरकार ने संविधान में 42 वाँ संशोधन करके पर्यावरण सुरक्षा को नागरिक के मूल कर्तव्य के रूप में शामिल किया गया।

21. अन्य पिछड़े वर्गों को अवशिष्ट श्रेणी क्यों कहा जाता है ?

Ans- एक लम्बे समय तक भारत मे अन्य पिछड़े वर्गों एक पृथक श्रेणी तो माना जाता रहा, लेकिन धीरे धीरे यह मानना भी प्रबल बनने लगी कि पिछड़े वर्ग का तात्पर्य आर्थिक रूप से दुर्बल लोगो से है, चाहे वे किसी भी जाति से संबंधित हो। जैसा कि आगामी विवेचन से स्पष्ट हो जायेगा अन्य पिछड़े वर्ग का तात्पर्य आर्थिक रूप से पिछड़े हुए लोगो से नही बल्कि उन जातियों से है, जो जाति व्यवस्था में निम्न स्थान पर होते हुए भी अनुसूचित जातियों नही है, तथा जो सामाजिक आर्थिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़ी हुई। इसलिए पिछड़े वर्ग को अवशिष्ट श्रेणी भी कहा जाता है।

Scanned with CamScanner

22. माल्थस के जनसंख्या सिद्धांत की (मान्यताएँ) की चर्चा कीजिए ?

Ans → माल्थस का जनसंख्या सिद्धांत निम्नलिखित महत्वपूर्ण मान्यताओं पर आधारित है।

(i) माल्थस ने आर्थिक सम्पन्नता तथा संतानोत्पति में घनिष्ठ तथा प्रत्यक्ष संबंध माना है।
(ii) मनुष्य के जीवन निर्वाह के लिए भोजन आवश्यक है।
(iii) माल्थस ने कामवासना तथा संतानोत्पति में प्रत्यक्ष संबंध माना है।
(iv) कृषि में उत्पति ह्रास नियम लागू होता है।

23. बाजार विनिमय की विशेषताओं को बताइए ?

Ans → बाजार विनिमय की निम्नलिखित विशेषताएँ हैं।

(i) क्रेता अपनी आवश्यकता की वस्तुएँ खरीदने के लिए विक्रेता के पास जाता है।
(ii) विक्रेता अपनी वस्तुएँ मूल्य के लिए बेचता है ताकि वह अपनी आवश्यकता की दूसरी वस्तु भी खरीद सके।
(iii) वस्तु की कीमत माँग तथा पूर्ति की शक्तियों द्वारा निर्धारित होती है।
(iv) वस्तुओं का मूल्य समय तत्व से भी प्रभावित होता है।

24. विकेंद्रीकरण का अर्थ स्पष्ट करें ?

Ans → आधुनिक विश्व में, लोकतांत्रिक शासन-व्यवस्था को स्वीकृत मिलने के बाद, शासन के विभिन्न अंगों के बीच शक्ति के बँटवारे का प्रश्न महत्वपूर्ण रहा है। शक्ति के इसी बँटवारे को विकेंद्रीकरण के नाम से जाना जाता है।

Scanned with CamScanner

25. हित समूह तथा दबाव समूह में अंतर बतायें ?

Ans →

हित समूह	दबाव समूह
(i) हित समूह प्रत्यक्ष रूप से राजनीति से जुड़ा नहीं होता है।	(i) दबाव समूह का राजनीति से प्रत्यक्ष संबंध होता है।
(ii) हित समूह अपने हितों की रक्षा के लिए प्रेरक साधनों का प्रयोग करता है	(ii) दबाव समूह दबाव का प्रयोग करता है।
(iii) हित समूह का उद्देश्य सीमित होता है।	(iii) दबाव समूह का उद्देश्य व्यापक होता है।

26. आधुनिकीकरण के नकरात्मक प्रभाव बताइए ?

Ans - आधुनिकता के कुछ प्रमुख नकरात्मक प्रभाव निम्नलिखित है।

(i) संयुक्त परिवारों का टूटना ।
(ii) बुजुर्गों के प्रति अनादर की भावना ।
(iii) नैतिकता का पतन ।
(iv) व्यक्तिवाद का विकास ।
(v) भौतिकवाद तथा विलासप्रियता में वृद्धि
(vi) फैशनों का अंधानुकरण
(vii) सामाजिक मूल्यों का हनन ।

27. राज्य के प्रमुख तत्व कौन कौन है ?

Ans राज्य के प्रमुख तत्व निम्नलिखित है।
(i) जनसंख्या (ii) एक निश्चित भूभाग
(iii) एक शासन तंत्र (सरकार)
(iv) प्रभुसत्ता (संप्रभुता)